भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न सं. †*49
सोमवार, 06 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ईको-टूरिज्म सर्किट का विकास

†*49. श्री राजेन्द्र अग्रवालः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर प्रदेश सहित देश में स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) के अंतर्गत् विकसित ईको-टूरिज्म सर्किट का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों में उक्त सर्किट के लिए कितनी धनराशि संस्वीकृत की गई;

(ग) उक्त सर्किट में उत्तर प्रदेश में कितनी परियोजनाएं पूरी नहीं हुई है और इनके कब तक पूरा होने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार राज्य सरकार के साथ परामर्श करके हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य को एसडीएस के उक्त सर्किट में शामिल करने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ड.) : एक विवरण सभा पटल पर दिया गया है ।

*****

ईको-टूरिज्म सर्किट का विकास के संबंध में दिनांक 06.02.2023 के लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*49 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

(क) से (ड.) : पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने देश में थीम आधारित पर्यटक परिपथों के एकीकृत विकास के लिए वर्ष 2014-15 में 'स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस)' की शुरूआत की थी । मंत्रालय ने चिह्नित थीमेटिक परिपथों के तहत देशभर में 5315.59 करोड़ रु. की राशि से एसडीएस के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 8 परियोजनाओं सहित कुल 76 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है लेकिन उत्तर प्रदेश राज्य में ईको-पर्यटन परिपथ के तहत किसी भी परियोजना को स्वीकृति नहीं दी गई है ।

देश में स्वदेश दर्शन योजना के ईको-पर्यटन परिपथ के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | राज्य का नाम | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्तराखण्ड | (2015-16) | टिहरी झील के आसपास टिहरी-चंबा-सरैन का विकास। | 69.17 |
| 2. | तेलंगाना | (2015-16) | महबूबनगर जिलों (सोमासिला, सिंगोटम, कडलैवनम, अक्कामहादेवी, एगालानपेंटा, फराहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेलातीर्थम) का विकास | 91.62 |
| 3. | केरल | (2015-16) | पत्तनमतिट्टा-गावी-वागामोन-तेक्कडी का विकास। | 64.08 |
| 4. | मिजोरम | (2016-17) | आइजोल-रॉपुइछिप-खावफॉप-लेंगपुई-डर्टलांग-चतलांग-सकाव्रहमुइतुएतलैंग-मुथी-बेराटलांग-तुइरियल एयरफील्ड-हमुइफांग का विकास | 66.37 |
| 5. | मध्य प्रदेश | (2017-18) | गांधीसागर बांध- मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ाघाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास | 93.92 |
| 6. | झारखण्ड | (2018-19) | दलमा - बेतला राष्ट्रीय उद्यान-मिर्चैया-नेतरहाट का विकास | 30.11 |

गंतव्य और पर्यटन केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी तथा जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से अब पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है । स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के दिशानिर्देशों में राज्यों द्वारा तैयार राज्य संदर्शी योजना (एसपीपी) पर आधारित गंतव्यों के चयन की परिकल्पना की गई है। उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत एसपीपी में हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य का विकास शामिल नहीं है । तथापि उत्तर प्रदेश राज्य में एसडी 2.0 के तहत विकास हेतु अभी 'प्रयागराज' को गंतव्य के रूप में चिह्नित किया गया है ।

*****